## सार-समाचार

### हनुमानजी ने उजाडी अशोक वाटिका किया लंका-दहन

**भरतपुर** (निस)। श्रीराम लीला समिति द्वारा आयोजित प्राचीन श्री लक्ष्मण जी मंदिर (वेंकटेश जी) के प्रांगण में श्री रामलीला महोत्सव में सोमवार को लंका-दहन प्रसंग का शानदार मंचन हुआ। हनुमानजी सीताजी की खोज में शत योजन में फैले समुन्द्र को लांघते व अन्य सभी बाधाओं को पार करते हुए श्रीराम के अमोघ वाण की तरह छलांग भरते हुए लंका के द्वार पर पहुँच जाते हैं, वे वहां लंका की रक्षिका लंकिनी को बठासम मुष्टि प्रहार से धरती पर पटककर लंका में प्रवेश करते हैं। रावण के अनुज विभीषण से भेंट होती है व सीताजी का पता पूछकर अशोक वाटिका में अशोक वृक्ष के ऊपर छिपकर लघु रूप में बैठ जाते हैं। इसी बीच रावण अपनी रानियों सहित वहां आकर सीताजी को अनेक लुभावने प्रलोभन देकर उसे अपनाने के लिए मनाता है किन्तु सीताजी तिनके की ओट कर उसे फटकार लगाती है जिससे क्रुध होकर रावण सभी राक्षिसयों को आदेश देता है कि सीता को यंत्रणा देकर महीने भर में रावण को अपनाने के लिए बाध्य किया जावे। रावण के जाने के बाद त्रिजिटा नाम की राक्षसी अपना सपना सभी राक्षिसयों को सुनाती है जिससे वे भयभीत होकर सीताजी के चरणों में गिर जाती हैं तभी हनुमानजी दुखी सीताजी के समक्ष वृक्ष के ऊपर से प्रभु की मुद्रिका गिरा देते हैं तथा स्वयं भी उनके सामने आकर अपना परिचय देकर उन्हें शीघ्र ही लंका से मुक्त कराने का आश्वासन देते हैं। सीताजी की आज्ञा पाकर वाटिका के फल खाने के बहाने से वे वाटिका के रखवारे राक्षसों का वध कर, रावण के बेटे अक्षय कुमार का भी बध कर वे पूरी वाटिका का विध्वंस कर डालते हैं। समाचार सुनकर रावण का ज्येष्ठ पुत्र मेघनाथ वहां आता है परस्पर युद्ध में हनुमानजी को अजेय जानकर ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर उन्हें नागपाश में बांधकर रावण के दरबार में प्रस्तुत करता है। रावण और हनुमान में परस्पर रोचक संवाद होता है। रावण विभीषण के परामर्श पर हनुमानजी की पूँछ जलाने का आदेश देता है। हनुमान अपनी पूँछ की आग से पूरी लंका को ही जला डालते हैं। इस प्रकार राक्षसों के मन में अत्यन्त भय व्याप्त कर हनुमान सीताजी के सम्मुख पुनः पहुँचकर सीताजी को बहुत प्रकार से समझाकर उनसे पहचान के रूप में चूडामणि लेकर वहां से श्रीराम के पास जाने के लिए प्रस्थान कर जाते हैं। लीला स्थल पर लायंस क्लब ब्रज के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता अचार वाले, सतीशचंद मित्तल, राजेश्वर सिंह, कृष्ण भगवान व अन्य सदस्य एवं महिलाओं के द्वारा भगवान की आरती की गई। श्रीराम के जयघोष के साथ लीला सम्पन्न हुई।

### विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

करौली, (निंस.) महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान करौली के त्त्वावधान में छात्रावास परिसर में आगामी माली,सैनी,कुशवाहा समाज के सातवें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को संस्थान के सेमिनार हॉल में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने की। इस दौरान अध्यक्ष प्रेमसिंह कहा कि समाज में आर्थिक विषमता को दूर करने और सहयोगी भावना को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक विवाह जैसे आयोजन महंगाई के इस दौर में अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने समाज बंधुओं और भामाशाहों से छात्रावास निर्माण एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन के सफल संचालन के लिए तन,मन,धन से सहयोग देने तथा विवाह योग्य जोड़ों का अधिक से अधिक पंजीयन कराने की अपील की।बैठक के दौरान भामाशाह सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक श्यामलाल माली ने सेमिनार हॉल की छत के लिए एक लाख एक सौ एक रुपए की राशि भेंट की। जगन्नाथ सरपंच और पांचपुरा अध्यक्ष शंकर माली ने एक-एक ट्रॉली गिट्टी, मुनेश इलेक्ट्रिकल्स की ओर से सीमेंट हेतु 7,100 रुपये जबकि पातरी से नेमीचंद माली और हुकमसिंह माली ने 5,100-5,100 रुपये का योगदान दिया। सभी भामाशाहों का माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था सचिव रामगोपाल माली, कोषाध्यक्ष कल्याणलाल माली, सरपंच रमजी, अध्यक्ष भगवती माली (बहादुरपुर), नेमीचंद माली (कस्बा), शंकर माली (पांचपुरा), तुलसीराम सैनी (कर्मचारी संघ अध्यक्ष), कमरपाल सैनी (शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक), पूर्व पार्षद नाहर सिंह, हरिचरण ठेकेदार,भंवरलाल (पूर्व अध्यक्ष),शिवदयाल, व्याख्याता पप्पूलाल, भंवर सिंह, धर्मी, शिवचरण मेंबर सहित कई पदाधिकारियों ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त किए।

### सपोटरा विधायक की जन सुनवाई में शिक्षकों ने सौंपा मांग पत्र

**करौली** (निंस.) रविवार विधायक हंसराज मीना के बालोंती स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई कार्यक्रम में बिजली,पानी,सड़क,विद्यालय विकास एवं शिक्षक सम्मेलन में आए प्रस्तावो का शिक्षा मंत्री के नाम शिक्षक संघ अम्बेडकर के प्रवक्ता गंगाराम प्रजापत के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन मांग पत्र सौंपा। उन्होने बताया कि शिक्षकों की पदोन्नित,स्थानांतरण,गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्ति,शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना,प्रबोधक पदनाम परिवर्तन,एवं बंचित प्रबोधको की पदोन्नित,एवं एसटी, एस सी रोस्टर लागू करने , आंगन बाड़ी में एनटीटी शिक्षक भर्ती करने,तथा शिक्षा विभाग के संविदा कर्मचारियों को स्थाई करने की मांग की है तथा हाल ही में संगठन के दूरस्थ स्थानांतरित प्रधानाचार्यों की परिवेदना लेकर रिक्त पदों पर समायोजित किया जाए आदि मांग सम्मिलित की है ज्ञापन देने वालों में कमल माली,भगवान लाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### परिजनों को सौंपा शव

**भरतपुर** (निस)। पथैना में सोमबार को एक महिला की ओर से आत्म हत्या कर लिए जाने की सूचना पर खेड़ली मोड़ पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया। खेड़ली मोड़ थाना पुलिस ने बताया कि थाना इलाके के गांव पथैना से एक महिला के आत्महत्या की सूचना पर खेड़ली मोड़ थाना पुलिस गई। जहां पर मृत मिली गुड़िया उर्फ बबली पत्नी जसवंत सिंह जाट के शव को भुसावर के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां पर खेड़ली मोड़ थाना पुलिस ने मृतका गुड़िया उर्फ बबली पत्नी जसवंत सिंह जाट के शव का भुसावर के सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों की टीम से पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया।पुलिस ने मौके पर जाकर मृतका के पीहर पक्ष तथा गांव पथैना निवासी मृतका के ससुराली जनों को आपस में समझाइस कर मृतका के शव का अंतिम संस्कार कराया गया ।हस्ताक्षर अभियान जारी
भरतपुर (निस)। पीसीसी के आव्हान पर पूरे प्रदेश में चलाये जा रहे हैं वोट चोर - गद्दी छोड हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम के तहत भरतपुर जिले के सभी ब्लॉको में हस्ताक्षर अभियान को गति देने के लिए जिला प्रभारी राजेश चौधरी की सहमति से जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा के निर्देशानुसार जिला कांठोस कमेटी की ओर से प्रत्येक ब्लॉक पर 2--2 प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि इस कार्य के लिए पीसीसी द्वारा प्राप्त प्रिंटेड परफॉर्मा ब्लॉक अध्यक्षों को उपलब्ध करा दिया गया है।जिस पर ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों सहित आम कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के हस्ताक्षर करवाकर जिला कांठोस के माध्यम से पीसीसी कार्यालय में जमा कराने होंगे। जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने समस्त ब्लॉक प्रभारियों को तुरंत अपने अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में जाकर हस्ताक्षर अभियान को 14 अक्टूबर 2025 तक पूरा करवाने को निर्देशित किया है। प्रभारियों की सूची निम्न प्रकार हैं,बयाना- विष्णुदत्त शर्मा, मेघसिंह सरपंच। रूपवास- मनोज पटेल, हरिसिंह नागर। भरतपुर- मनोज शर्मा,बृजभूषण जाटव। सेवर- जगदीश बंजी,राजेंद्र सारस्वत। नदबई- श्रीभगवान कटारा,हरिमोहन शर्मा। उच्चेन- चंद्रकेश राजावत, जगदीश चतुर्वेदी। डीग- श्रीचन्द्र गॉड,लक्ष्मण केन। कुम्हेर- रामेश्वर सैनी,सुरेश पदयात्री। नगर- राजीव कुम्हेर, रमेश धावई। कामा- श्रीराम जाटव, छोटू पेंघौर। पहाडी- दीपेन्द्र बुराबई, मुकेश जाटव पार्षद।खोह- रघुवीर सिंह,इशाक। वैर- ज्ञानेश शर्मा,किशन पप्पू। भुसावर- हरभान सिंह, कमल सैनी।

### दो पटवारी किये निलंबित

**करौली**, (निंस.) जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि पंचायत मुख्यालय जहांगीरपुर के पटवारी उमराव सिंह व पंचायत मुख्यालय गुनेसरा के पटवारी संजय शर्मा के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही विचारार्थ है। उन्होने बताया कि राजस्थान सिविल सेवा नियम 1958 की धारा 13 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तहसील करौली की पंचायत मुख्यालय जहांगीरपुर के पटवारी उमराव सिंह व पंचायत मुख्यालय गुनेसरा के पटवारी संजय शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# गोल्ड मेडलिस्ट कुमारी पायल कटारा का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया सम्मान

**भरतपुर** (निस)। स्वागत की बेला मन हर्षित करने वाली होती है और जब यह अवसर नारी शक्ति के सम्मान का हो तो बात ही कुछ अलग होती है ऐसा ही स्वागत अभिनंदन का शुभ अवसर श्री ब्राह्मण सभा भरतपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा सुभाष नगर की पावन धरा पर आयोजित किया गया।

यह अनुपम अवसर सुभाष नगर की बिटिया पायल कटारा द्वारा महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय मास्टर ऑफ आर्ट होम साइंस में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर और राज्यपाल द्वारा सम्मानित होने पर था। पायल कटारा की उपलब्धि थी खास इसलिए सब अपने पहुंच गए आसपास और हृदय की गहराइयों से गौरान्वित होकर नारी शक्ति उभरती प्रतिभा पायल कटारा का किया सम्मान और की हृदय की अनंत गहराईयों से उज्जवल भविष्य की कामना के साथ साफा, माला,दुपट्टा तथा भरतपुर के आराध्य देव श्री बांके बिहारी महाराज की तस्वीर भेंट कर किया गया। पायल कटारा के परिवारजन और शुभचिंतकों ने अतिथि देवो भव की प्राचीन गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए आगंतुक विप्र बंधुओं एवं साथियो का भव्य स्वागत सम्मान कर मेल मिलाप का एक अनुपम उदाहरण पेश किया। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी वंदनीय है सम्माननीय है और कोई विशेष उपलब्धि जब अर्जित करती है तो समाज गौरांवित होता है और प्रगतिशील समाज की पहचान भी होती है। और बिभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा बालिका सम्मान महिला का सशक्तिकरण की दिशा में अनुपम कदम है।

इसी कड़ी में पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष डोरी लाल शर्मा ने कहा कि हमें एक-दूसरे के साथ भाईचारे और प्रेम के साथ रहना चाहिए और समाज में भाईचारा स्थापित करने के लिए एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए साथ ही आप हम अपने आस-पास सद्भाव और सादगी का माहौल बनाएं। सम्मानित होने पर पायल शर्मा ने कहा कि अपनों के बीच इतनी बड़ी संख्या में शुभचिंतक देख आज मैं बहुत खुश हूं मुझे नई ऊर्जा, नई शक्ति सहज प्राप्त हुई है आगे में अपने जीवन में कुछ नया और करने की कोशिश करूंगी आपका आशीर्वाद दुआएं मुझे शक्ति देती रहे।

इस गरिमा मय उपस्थिति में गवाह बने प्रमुख समाजसेवी एवं ब्राह्मण सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष कौशलेश शर्मा, ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष डॉक्टर लोकेश शर्मा, पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष डोरी लाल शर्मा, सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष ताराचंद शर्मा, टाइम बैंक ऑफ़ इंडिया के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, सेवानिवृत पूर्व निदेशक नेमीचंद शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी छिद्दी लाल शर्मा, शिक्षिवद शिशुपाल लवानिया, विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर, डी ओ आई टी के सेवानिवृत अतिरिक्त निदेशक कमल किशोर शर्मा, सेवानिवृत्ति वरिष्ठ लेखाकार ईश्वरी चंद शर्मा, जय श्री बांके बिहारी सेवा समिति के अध्यक्ष हरिगोविंद मिश्रा, ब्राह्मण सेवा समिति तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनबारीलाल शर्मा, एलआईसी के लाल चन्द शर्मा, सेवानिवृत्ति शिक्षा विभाग हरिचरण शर्मा, सेवानिवृत्त सहायक अभियंता देवकीनंदन शर्मा, सेवानिवृत्त अमीन रामेश्वर शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई रसोई संचालक विष्णु शर्मा, समाजसेवी. अजीत लवानिया, वरिष्ठ अध्यापक रामेश्वर शर्मा, ब्राह्मण सभा भरतपुर कार्यकारिणी के सदस्य पुष्पेंद्र बरसानियां, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश शर्मा, फ्यूचर पॉइंट इंस्टीटयूट के निदेशक पवन पाराशर, समाजसेवी लक्खो तिवारी, डॉक्टर भगवान सिंह, (गायत्री परिवार के सदस्य) आदि सहित अनेक विप्र बन्धु मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में योगेंद्र कटारा ने आगंतुक सभी का आभार व्यक्त किया।

# भगवती जागरण में धार्मिक भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर लगाए ठुमके

**करौली**, मां करणपुर गुमानो सेवा समिति करौली के तत्वावधान में शहर के नगाडखाना दरवाजा स्थित श्री राधा-गोपाल जी महाराज मंदिर परिसर में नवरात्रि की छठ पर हस्त निर्मित प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर आतिशबाजी के साथ महाआरती की गई। इसके बाद रात्रि को मां भगवती का जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान भजन गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देते हुए मां भक्तों को ठुमके लगाने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व गुमानो माता की फूल बंगला व छप्पनभोग की झांकी सजाई गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद गुप्ता व पदाधिकारी गिर्राज तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने करणपुर वाली गुमानो माता की पूजा - अर्चना करने के साथ अखंड ज्योत प्रज्वलित कर किया। वहीं गायक कलाकार रिंकू गुप्ता करौली ने भगवान गणेश जी की आराधना करते हुए गणपति वंदना की।

उन्होंने तेरे दर पर सर झुकाया ओ शेरोवालिए, बिगड़ी मेरी बना दे ओ शेरों बाली मईया, प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी भक्तों की लगी है कतार भवानी सहित अन्य भजनों की प्रस्तुतियां भी दी। भजन गायिका वर्षा कुंतल दिल्ली ने आते ही कार्यक्रम में धूम मचा दी। उन्होंने जरा फुल बिछा दो अंगना में मेरी मैया आने वाली है, मैया की चुनर उड़ उड़ जाए पवन मोरी धीरे चलो री, वीरों के वीर बजरंगी की जय हो, के अलावा कैला माता के लांगुरिया गाकर उपस्थित महिला-पुरुषों को ठुमके लगाने पर मजबूर कर दिया।

शेखर शर्मा जयपुर, लखन गामा भरतपुर सहित अन्य राज्यों के प्रमुख भजन गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक माता की भेंट व लांगुरियाओं की प्रस्तुतियां दी। देर रात तक चले कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु रात भर भजनों का आनंद लेते हुए झूमते रहे। वहीं माता के कई भजन प्रस्तुत करते हुए सुबह तारा रानी की कथा सुनाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इससे पूर्व मां करणपुर गुमानो मां सेवा समिति करौली के पदाधिकारियों ने गायक कलाकारों का माला पहनाने के साथ माता की चुनरी उड़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान करणपुर वाली गुमानो माता की सजीव झांकी भी सजाई गई। वही रात भर जमकर आतिशबाजी की गई इस अवसर पर अंशु जिंदल, हर्ष गुप्ता, केशु जिंदल, तेजेंद्र सिंह, विष्णु चंद शर्मा, मयंक शर्मा, रौनक शर्मा, अमन शर्मा, मेहुल शर्मा उर्फ मोनू, दिनेश गुप्ता, प्रकाश शर्मा, अंकित गुप्ता, भैरव लाल गुप्ता, यतेंद्र प्रताप बना, मोहित गर्ग, राहुल गर्ग, आयुष जिंदल आदि उपस्थित थे।

### प्रतियोगिता का आयोजन

**करौली**, (निंस.) जिला स्तरीय और रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में किया गया। प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर,एनसीईपी,एनसीईआरटी नई दिल्ली के निर्देशानुसार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रात: के सत्र में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत, अनीता मीणा उप प्रधानाचार्य,मुकेश कुमार मीणा ने दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण करके कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।मीडिया प्रभारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि रोल प्ले प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली के ठुप परी गुप्ता,परी मित्तल,अंजू जाटव,संजना जाटव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# प्रतियोगिता में करौली विद्यालय की टीम रही प्रथम

■ **जिला समन्वयक राजेन्द्र दीवान ने बताया कि शाखा स्तर पर विजेता रहने पर शिवा एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र मेघांश शर्मा और नमन अवस्थी की टीम ने करौली शाखा की ओर से प्रतिनिधित्व किया।**

**करौली**, (निंस.) भारत विकास परिषद् राजस्थान पू. प्रान्त द्वारा हिंडौन सिटी में आयोजित प्रांत स्तरीय भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में करौली शाखा की ओर से शिवा एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल करौली की टीम विजेता रही है।

जिला समन्वयक राजेन्द्र दीवान ने बताया कि शाखा स्तर पर विजेता रहने पर शिवा एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र मेघांश शर्मा और नमन अवस्थी की टीम ने करौली शाखा की ओर से प्रतिनिधित्व किया। विजेता टीम को परिषद् के राष्ट्रीय संस्कार गतिविधि प्रभारी मुकेश लाठी,क्षेत्रीय संयुक्त सचिव डॉ शिव दयाल मंगल, प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट हर्षवर्धन शर्मा, सचिव हेमन्त गर्ग, कोषाध्यक्ष विष्णु मथुरिया ने पारितोषिक व प्रमाण पत्र प्रदान किए।भारत को जानो प्रकल्प प्रभारी पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में सात राउंड में भारत की संस्कृति, ज्ञान विज्ञान, धर्म, इतिहास, राजनीति, संविधान आदि से संबंधित रोचक प्रश्न पूछे गए।कार्यक्रम में प्रान्त आइटी प्रभारी योगेन्द्र सिंहल, सीताराम शर्मा एडवोकेट, अध्यक्ष तुलसी दास गोयनका, जिला समन्वयक राजेन्द्र दीवान,कोषाध्यक्ष गोविन्द लोहे वाले, सहसचिव विजय गुप्ता, शचि सिंहल, अखिलेश गुप्ता, शिक्षक मनोज कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

# हरिदत्त कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने जागरूकता रैली निकाली

■ **विद्यार्थियों को मिली पर्यटन सामग्री।**

**भरतपुर** (निस)। विश्व पर्यटन दिवस' के अवसर पर श्री हरिदत्त कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विधार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा 'आमजन जागरूक रैली' निकाली गई थी। विद्यार्थियों को ज्ञान पुस्तिका एवं पोस्टर्स के वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडवोकेट अलभ्य शर्मा रहे।

इस मौके पर एडवोकेट अलभ्य शर्मा ने अपने रोचक किस्सों के द्वारा बच्चों को अनुशासित रहने के लाभ बताये। आर.टी.डी.सी भरतपुर और श्री हरिदत्त ठुप ऑफ इन्स्टीट्ययूशन्स के साझे प्रयासों के द्वारा सभी छात्र-छात्रओं को डीग, धौलपुर, भरतपुर घने के पक्षियों की चेकलिस्ट बुकलेट एवं राजस्थान के सभी शहरों के पर्यटन स्थलों के मनोहर पोस्टर्स विधार्थियों को वितरित किये गये। आर.टी.डी.सी. भरतपुर की ओर से भी देवदत्त चौधरी ने पर्यटन विकास के लिए सामठाी उपलब्ध कराई।

यशवन्त सिंह, विनोद छारिया और सुनील राजपूत ने श्री हरिदत्त कॉलेज ऑफ फार्मेसी की ओर से उनका स्वागत मालाओं, सॉल एवं बॉके-बिहारी की प्रतिकृती से किया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष विनोद छारिया ने आर.टी.डी.सी, भरतपुर से वादा किया कि श्री हरिदत्त फार्मेसी कॉलेज के विधार्थी पर्यटन विकास एवं पर्यावरण सुरक्षा एवं सामुदायिक चेतना के क्षेत्र में हमेंशा साथ देगें और अपने शहर भरतपुर का नाम ऊचाँ करेंगे।

पुरूस्कार वितरण समारोह में सन्दीप खण्डेलवाल, नगेन्द्र सिंह, कृष्णवीर सिंह, करन कुमार, प्रमोद कुमार गुप्ता, अठावाल, विवेक लोधा, खेमराज, गोपाल प्रसाद, नेहा ओमार एवं विनोद अवस्थी उपस्थित थे। दीपक राजपूत, दीपक पाँचाल, नरेन्द्र, धनेशा, संजय सैनी, बृजेश, सुशील सिकरवार, और अनिशा को 'विशेष पर्यटन पुरूस्कार' से नवाजा गया।

### भरतपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान ठाामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय भरतपुर द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज आदर्श विद्या मंदिर स्कूल जवाहर नगर, भरतपुर में नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक, स्लोगन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता तथा कविता प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार होगा।

# आजादी से आज तक कांग्रेस ने लड़ी लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने की लड़ाई

**करौली**, (निंस.) अखिल भारतीय कांठोस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे, वोट चोर - गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कांग्रेस पार्टी डेटा सेल के राष्ट्रीय संयोजक विशाल मीना खूबपुरा द्वारा विधानसभा क्षेत्र सपोटरा के बूथ संख्या 1 पितरामपुरा के गाँव खांडेपुरा से शुरुआत की। इस दौरान खांडेपुरा ठााम की चौपाल पर बूथ संख्या 1,2,3 के अंतर्गत निवास करने वाले कांठोस जनों को इकट्ठा किया गया एवं उन्हें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव आयोग व भाजपा सरकार की मिलीभगत कर वोट चोरी ख़िलाफ़ चलाए जा रहें हस्ताक्षर अभियान के वारे में अवगत कराया। विशाल मीणा ने अपने संबोधन में कहा की भाजपा व चुनाव आयोग मिलकर वोटों की विभिन्न तरीकों से चोरी कर रहें है साथ ही विशाल मीणा ने कहा की वोट चोरी रोकना सिर्फ कांठोस पार्टी की ही जिम्मेदारी नहीं, यह भारत हर उस नागरिक की जिम्मेदारी जो भारत देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान में विश्वास करता है, कांठोस पार्टी का इतिहास स्वतंत्रता संठााम से लेकर आज तक देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने का हैं, कांठोस पार्टी ने अपने उद्देश्य में हमेशा देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को प्राथमिकता पर रखा हैं, क्युकि कांठोस पार्टी का मानना है कि अगर देश में लोकतंत्र ही नहीं बचेगा तो चुनावों का फायदा ही क्या हैं। सरकारें आएगी एवं जाएगी, लेकिन देश में लोकतंत्र व संविधान का जिंदा रहना बहुत जरूरी है, और वोट चोरी को रोकना देश के लोकतंत्र की हत्या को रोकना हैं, इसलिए सभी को इस हस्ताक्षर अभियान में भाग लेने की अपील की। यह हस्ताक्षर अभियान सपोटरा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ को कवर करेगा। प्रत्येक बूथ पर कांठोस कार्यकर्ता एवं आमजन को जागरूक कर हस्ताक्षर अभियान से जोड़ा जाएगा।अभियान की अध्यक्षता युवा कांठोस के जिला उपाध्यक्ष दिनेश गुर्जर ने की, मीटिंग में युवा कांठोस के जिला सचिव रामहरी गुर्जर, राजवीर, विमल गुर्जर,राजेंद्र बैरवा, विश्राम बैरवा, मनोज गुर्जर, मुंशी बैरवा, पप्पू योगी, भगवान सिंह, नरेश योगी, मुनेश गुर्जर, देवी बैरवा उपस्थित रहें।

## सार-समाचार

### वायु सेना दिवस सम्मान समारोह में नरेंद्र निर्मल की पुस्तकों का विमोचन

**भरतपुर** (निस)। द कॉन्स्टिट्ययूशन क्लब ऑफ राजस्थान, जयपुर में वायु सेना सम्मान समारोह 2025 का आयोजन राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष मेजर जनरल (रिटायर्ड ) आलोक राज पीवीएसएम, एवीएसएम,वीएसएम के मुख्य आतिथ्य एवं एडीजी एसओजी,राष्ट्रपति पदक से सम्मानित आईपीएस वीके सिंह एवं एयर फोर्स स्टेशन जयपुर के स्टेशन कमांडर ठुप कैप्टन विनय भारद्वाज के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।अतिथि मंडल में एयर मार्शल (रिटायर्ड )जगदीश चंद्र पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम,मेजर जनरल (रिटायर्ड) अनुज माथुर वीएसएम, एयर वाइस मार्शल (रिटायर्ड) ए के शर्मा, एयर कमोडोर (रिटायर्ड) चंद्रमौली की गरिमामई उपस्थिति रही भारतमाता के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से आरम्भ हुए कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए सार्जेंट सुरेंद्र मोगा की वीरांगना सीमा मोगा एवं सार्जेंट भले सिंह का सम्मान हुआ। साहित्य के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले एयर वेटरन एवं साहित्यकार नरेंद्र ष्निर्मलष् के काव्य संठाह 'श्री राधे' एवं 'गिरधारी' के साथ साहित्य अकादमी उदयपुर के सहयोग से प्रकाशित काव्य संठाह 'धूप -छाँव' विमोचन किया गया तथा शॉल एवं प्रतीक चिह्न से सम्मान किया गया। निर्मल की गजल संठाह 'आग़ाज़' के साथ जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी जयपुर द्वारा प्रकाशित 'मिन्नी जाएगी स्कूल' तथा राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी जयपुर द्वारा 'ब्रजभाषा साहित्यकार दर्पण रूनरेंद्र निर्मल' पुस्तक भी प्रकाशित हो चुकी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एयर वेटरन्स उपस्थित रहे।

### कवि सम्मेलन हुआ

**हलैना भरतपुर** (निस)। अग्रवाल महासभा एवं नवयुवक अग्रवाल समाज की ओर से कस्वा हलैना में मनाए जा रहे महाराजा अग्रसेन जयन्ती महोत्सव के तहत 28 वां राष्ट्रीय कवि सम्मेलन हुआ, जिसकी अध्यक्षता महासभा के संरक्षक ओमप्रकाश गुप्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि ट्रोमा सेन्टर हलैना के प्रभारी डॉ.अमित अठावाल एवं विशिष्ट अतिथि अग्रवाल समाज छौंकरवाडा कला के अध्यक्ष रामकिशोर गुप्ता,सोमेश्वर पहलवान,रवि गुप्ता रहे। कवि-कवित्रियों ने ओजस्वी ,हास्य,करूणा रस में काव्यपाठ, गीत,चुटकुले आदि की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को भावविभोर व लोटपोट कर दिया। कवि सम्मेलन की शुरूआत दौसा से आई कवित्री सपना सोनी ने मां शारदा,गणेश व अठासेन वन्दना के साथ की। जिन्होने भगवान श्रीकृष्ण-राधा एवं मेवाड की महारानी मीराबाई के प्रेम की प्रस्तृतियां दी। वही भरतपुर के कवि ललतेष कुशवाहा ने हास्य की कविताओं से लोटपोट करते हुये गाय की व्यथा सुनाई, आगरा के कवि मोहित सक्सैना ने देशभक्ति, आगरा के लटूरी लट्ठ ने मातृ भाषा हिन्दी की जीवनी,हाथरस के पदम अलवेला ने पति-पत्नी के प्रेम, मेनपुरी के सतीश मधुप व विनोद राजयोगी ने गीत व मां की ममता पर प्रस्त्वतियां दी। मंच का संचालन हास्य कवि लटूरी लट्ठ ने एवं आभार प्रकट मास्टर ओमप्रकाश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अठावाल समाज के पदाधिकारी सुरेशचन्द जिन्दल,अशोक गुप्ता दवा वाला,पंचायत समिति सदस्य संजय गुप्ता,पूरनमल जिन्दल,रवि गोयल,रविजिन्दल,अनिल गोयल, डिम्पल सिंघल, गोविन्द गुप्ता, मास्टर महेश जिन्दल, दिनेश जिन्दल, सतीश दरोगा, विष्णु मित्तल आदि ने अतिथि व कवि-कवित्रियों का स्वागत किया।

### संजय शर्मा सम्मानित

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर शहर के मोहल्ला गोपालगढ़ निवासी संजय शर्मा पुत्र सुशील चंद्र शर्मा को ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर जिला क्रिकेट संघ भरतपुर द्वारा भरतपुर पधारने पर संजय शर्मा का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी बताया कि संजय शर्मा को क्रिकेट और सामुदायिक सेवाओं में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुए हैं। उन्हें क्रिकेट जगत में ऑस्ट्रेलिया द्वारा मल्टीकल्चरल क्रिकेट एम्बेसडर नियुक्त किया गया है और इन्क्लूज़न और डायवर्सिटी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके अतिरिक्त ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टेरिटरी सरकार ने उन्हें लोकल लीजेंड अवार्ड प्रदान किया, जबकि क्रिकेट क्षेत्र में ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टेरिटरी ने उनके निरंतर प्रयासों और सेवाओं की सराहना करते हुए आउट स्टैंडिंग सपोर्ट टू स्पोर्ट अवार्ड से नवाज़ा गया था इन पुरस्कारों ने ना केवल उनके समर्पण को मान्यता दी है बल्कि खेल और बहुसांस्कृतिकता के क्षेत्र में उनके अथक प्रयासों को भी उजागर किया है। स्वागत समारोह के दौरान जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष विष्णु लोहिया उपाध्यक्ष राजकुमार जैन एवं अजय कुमार शर्मा संयुक्त सचिव अरुण कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष मुनेंद्र तिवारी सदस्य राहुल लोहिया, बीनू सिंह, अवधेश खटाना,सुमित अरोड़ा त्रिलोकीनाथ शर्मा, जितेंद्र गुर्जर ज्ञानू जघीना, रविंद्र केमरिया वीरेंद्र पचौरी, पवन कोंतेये, गिरीश शर्मा,उत्तम शर्मा, नरेश खत्री, सूरज शर्मा, प्रेम सिंह, पंकज गोयल, लंकेश सियाराम, गौरव फौजदार, देवेंद्र सिंह कालू पीतम आदि उपस्थित रहे।

### स्कूल समय यथावत रखने की मांग

**करौली**, (निंस.) राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने राज्य के शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर राज्य में 12 अक्टूबर तक एक पारी विद्यालयों का समय प्रात: साढ़े सात बजे से एक बजे तक यथावत रखने की मांग की है। संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि संगठन के प्रदेश महामंत्री महेन्द्र कुमार लखारा ने पत्र में लिखा है कि राज्य के अधिकतर जिलों में गर्मी अधिक होने के कारण 1 अक्टूबर से दोपहर बाद तक विद्यालय संचालन से विद्यार्थियों व शिक्षकों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। अत: 12 अक्टूबर दीपावली अवकाश प्रारम्भ होने तक विद्यालय समय प्रात: 7:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक ही रखने के शिविरा कलेंडर में संशोधन करने की मांग की है। इसके अलावा राजस्थान समठा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ उदयसिंह डिंगार के नेतृत्व में संगठन ने राज्य के शिक्षामंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन प्रेषित कर विद्यालयों का समय 12 अक्टूबर तक प्रात: कालीन 7:30 से 1:00 तक का ही रखने की मांग की है। करौली के जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार, जिला संरक्षक प्रहलाद मीणा, जिला सभाध्यक्ष राजू लाल गुप्ता, उपसभाध्यक्ष राजेश शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश ओड़च, जिला उपाध्यक्ष शिंभू सिंह राजपूत ,घनश्याम डाबिर, इमराज डड़ेला, भरत लाल जोडली, पुरुषोत्तम, जिला मंत्री मदन मोहन तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष कुमार शर्मा ने बताया कि शिविरा पंचांग अनुसार 1 अक्टूबर से विद्यालय समय प्रात: 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक का किया जाना है जो कि प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों में गर्मी के प्रकोप के कारण उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि दूर दराज के स्कूलों में भीषण गर्मी में अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### कॉलेज की बालिकाओं ने श्रमदान किया

**हलैना भरतपुर** (निस)। पद्मनी देवी गर्ल्स कॉलेज की स्वयंसेविका तथा बालिकाओं ने एक दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित कर श्रमदान किया और स्वच्छता अभियान की शुरूआत कर शहर व कॉलेज परिसर प्लास्टिक मुक्त और विकसित भारत का संकल्प लिया। सथ ही खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार युग कार्यक्रम एवं विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज प्रतियोगिता मे अधिकाधिक सहभागिता निभाई। पीडी गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ.पवन धाकड ने शिविर का शुभारम्भ करते हुए कहा कि मानव जीवन को निरोगी कायम रखने तथा प्रदूषण से छुटकारा प्राप्ति के लिए सभी को स्वच्छता अभियान में जिम्मेदारी अदा करनी पडेगी और शहर,गांव सहित घर के आंगन को साफ रखना होगा साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता कायम रखनी होगी। उन्होने कहा कि एनएसएस सभी को देश,समाज,परिवार की सेवा करना सिखाती है और आमजन को समाजसेवा के प्रति जागरूक करती है। सभी को स्वच्छता अभियान की शुरूआत कर शहर व कॉलेज परिसर प्लास्टिक मुक्त और विकसित भारत का संकल्प लेना होगा। इस अवसर पर एनएसएस के प्रभारी रविके श धाकड सतिवान धाकड ,रविंद्र सर, चेतन धाकड, विनीता धाकड आदि उपस्थित रहे

### सर्राफा संघ करौली का चुनाव संपन्न

**करौली** (निंस.)सोमवार चुनाव को सर्राफा संघ करौली का चुनाव भंवर विलास पैलेस में संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से गोविंद सर्राफ को अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुना गया । नव निर्वाचित अध्यक्ष गोविंद सर्राफ ने बताया कि कार्यकारिणी में महामंत्री पद के लिए जयेश सर्राफ व उपाध्यक्ष पद के लिए सत्य प्रकाश बंसल व अशोक सर्राफ को, कोषाध्यक्ष पद के लिए श्रीभगवान गोयल को निर्विरोध चुना गया है भी वहीं कार्यकारिणी में सदस्यों के लिए रविंद्र गोयनका,रमेश संघई,अखिलेश,कौशल बंसल,पवन गुप्ता,माखन गुप्ता को शामिल किया गया है।